भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

तारांकित प्रश्न संख्या *160

जिसका उत्तर दिनांक 05.03.2020 को दिया जाना है

परमाणु ऊर्जा के नए संयंत्रों की स्थापना

*160. श्री महेश पोद्दार :

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत में परमाणु ऊर्जा के छः नए संयंत्रों की स्थापना करने के लिए मेसर्स वेस्टिंग हाउस इलेक्ट्रिक कम्पनी के साथ हुई चर्चा का कोई निष्कर्ष निकला है;

(ख) यदि हाँ, तो अंतिम रूप दी गई परियोजना की लागत तथा इसकी नियत समय-सीमा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधान मंत्री कार्यालय (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क)
से सदन के पटल पर विवरण प्रस्तुत है ।
(ग)

******

भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

"परमाणु ऊर्जा के नए संयंत्रों की स्थापना" के संबंध में श्री महेश पोद्दार द्वारा पूछे गए राज्य सभा तारांकित प्रश्न संख्या *160, जिसका उत्तर दिनांक 05.03.2020 को दिया जाना है, के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) महोदय, वर्तमान में, भारत में कोव्वडा, आंध्र प्रदेश में छह नाभिकीय विद्युत संयंत्र स्थापित करने हेतु परियोजना प्रस्ताव करने के लिए मेसर्स वेस्टिंगहाउस इलेक्ट्रिक कम्पनी से चर्चा चल रही है ।

(ख) तथा (ग) चर्चा का निष्कर्ष निकलने पर ही विवरण दिया जा सकेगा ।

******